प्रेषक,

जिलाधिकारी
मीरजापुर।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय, उ0प्र0
लखनऊ।

पत्र सं0 : 3245/एम0एम0सी0–30खनिज/2024–25 दिनांक : 20/12/2024

विषयः–विज्ञप्ति प्रकाशित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर की तहसील सदर स्थित ग्राम हिनौती में इण्डियन आयल टॉप प्रोजेक्ट अन्तर्गत डिपो निर्माण कार्य में इण्डियन आयल टॉप प्रोजेक्ट परिसर में व समीप अन्य स्थानों पर खुदाई से प्राप्त भण्डारित पत्थर उपखनिज सैण्डस्टोन (गिट्टी/बोल्डर) को निस्तारित किये जाने हेतु शासनादेश संख्या 2595/86–2018–12 (सामान्य)/2018 दिनांक 03/12/2018 में दिये गये निर्देशानुसार राजस्व/जनहित में ई–निविदा आमंत्रण सूचना इस पत्र के साथ संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जा रही है कि ई–निविदा आमंत्रण सूचना को व्यापक प्रचार–प्रसार वाले कम से कम 02 स्थानीय दैनिक हिन्दी समाचार पत्रों को प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः–यथोपरि।

भवदीय

(प्रियंका निरंजन)
जिलाधिकारी,
मीरजापुर।

पत्र संख्या व तद्दिनांक।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय (उ0प्र0) खनिज भवन, लखनऊ।
2. निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय,(उ0प्र0), खनिज भवन लखनऊ।

जिलाधिकारी,
मीरजापुर।

CamScanner

कार्यालय जिलाधिकारी, मीरजापुर

(खनिज अनुभाग)

पत्रांक–3246/खनिज/पत्थर/ई–निविदा/2024 दिनांकः 20/12/2024

ई–निविदा आमंत्रण सूचना (प्रेस नोट)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद मीरजापुर की तहसील सदर स्थित ग्राम हिनौती में इण्डियन आयल टॉप प्रोजेक्ट अन्तर्गत डिपो निर्माण कार्य में इण्डियन आयल टॉप प्रोजेक्ट परिसर में व समीप अन्य स्थानों पर खुदाई से प्राप्त भण्डारित पत्थर उपखनिज सैण्डस्टोन (गिट्टी/बोल्डर) को निस्तारित किये जाने हेतु शासनादेश संख्या 2595/86–2018–12 (सामान्य)/2018 दिनांक 03/12/2018 में दिये गये निर्देशानुसार राजस्व/जनहित में ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नवत् है:–

क्र0 सं0	तहसील	स्थल का विवरण	भण्डारित क्षेत्र का जियो–कोआर्डिनेट	उपखनिज का नाम	निर्माण कार्य से निकले पत्थर की मात्रा	पत्थरों का आरक्षित मूल्य (घन मी x रायल्टी दर रू0 110 प्रति घन मी0)	निविदा की न्यूनतम राशि (अर्नेस्ट मनी)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	ग्राम हिनौती	Block 1	A 25° 2'41.95"N 82°47'29.21"E B 25° 2'42.00"N 82°47'21.82"E C 25° 2'45.79"N 82°47'20.20"E D 25° 2'47.60"N 82°47'20.09"E E 25° 2'46.56"N 82°47'25.94"E	सैण्डस्टोन (गिट्टी/बोल्डर)	87000 घन मी0	*95,70,000*	*23,92,500*
2	ग्राम हिनौती	Block 2	A 25° 2'47.45"N 82°47'20.92"E B 25° 2'52.61"N 82°47'17.65"E C 25° 2'53.37"N 82°47'17.73"E D 25° 2'54.82"N 82°47'19.11"E E 25° 2'52.98"N 82°47'20.92"E F 25° 2'52.65"N 82°47'22.08"E G 25° 2'46.59"N 82°47'25.73"E	सैण्डस्टोन (गिट्टी/बोल्डर)	75183 घन मी0	*82,70,130*	*20,67,533*
3	ग्राम हिनौती	Block 3	A 25° 2'53.23"N 82°47'16.63"E B 25° 2'54.47"N 82°47'15.78"E C 25° 2'55.42"N 82°47'16.62"E D 25° 3'1.53"N 82°47'12.54"E E 25° 3'2.28"N 82°47'12.70"E F 25° 2'56.36"N 82°47'16.76"E G25° 2'55.43"N 82°47'18.15"E	सैण्डस्टोन (गिट्टी/बोल्डर)	16735 घन मी0	18,40,850	4,60,213

CamScanner

उक्त विवरण के अनुसार भण्डारित उपखनिज सैण्डस्टोन गिट्टी/बोल्डर को 03 माह की अवधि में निस्तारित किये जाने हेतु ई–निविदा दिनांक 09/01/2025 से दिनांक 16/01/2025 तक समय पूर्वान्ह 10.00 बजे से अपरान्ह 5.00 बजे तक वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है, जिसे दिनांक 17/01/2025 को दोपहर 02:00 बजे गठित समिति के समक्ष क्वैरी कार्यालय, मीरजापुर में खोली जायेगी। विस्तृत सूचना eProcurement Portal https://etender.up.nic.in पर एवं खनिज कार्यालय, मीरजापुर से प्राप्त की जा सकती है।

(प्रियंका निरंजन)
जिलाधिकारी,
मीरजापुर।

पत्रांक व तद्दिनांकः

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– निदेशक, सूचना निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित की जनपद मीरजापुर में सर्वाधिक प्रसारित समाचार पत्रो में से किसी दो समाचार पत्रों में उक्त विज्ञप्ति प्रकाशित कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

2– जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करे।

जिलाधिकारी,
मीरजापुर।

Signature Not Verified
Digitally signed by MOHAMMAD KHALID
Date: 2025.01.03 14:41:07 IST
Location: Uttar Pradesh-UP

CamScanner